AADHAAR

PUNJAB KESARI, Delhi, 23.1.2018

Page No. 12, Size:(8.57)cms X (9.66)cms.

गरीबों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन है 'आधार'

बेंगलुरु, (भाषा): विवादों में घिरे आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रमुख मोहनदास पई ने आज कहा कि बायोमेट्रिक आईडी गरीबों को सशक्त करने का सबसे बड़ा साधन है। हालांकि, आधार के दुरुपयोग के लिए उन्होंने निजता कानून की भी वकालत की।

एक ई-मेल साक्षात्कार में पई ने कहा, ''हर किसी को यह समझना चाहिए कि गरीब एवं अन्य को सशक्त करने के लिए आधार सबसे बड़ा साधन है।'' आधार के दुरुपयोग को लेकर मचे विवाद पर उन्होंने कहा कि आधार से जुड़े उंगलियों के निशान और आंखों की पुतली की पहचान के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं है। कुछ राज्यों और निजी संस्थाओं द्वारा आधार से निजता की सुरक्षा पर चिंता जताए जाने पर उन्होंने कहा कि इसका भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि इसका संबंध आधार के दुरुपयोग से है। प्राधिकरण ही आधार कार्ड जारी करता है।

- **उंगलियों के निशान और आंखों की पुतली की पहचान के दुरुपयोग का कोई सबूत नहीं**